उत्तर प्रदेश शासन

न्याय अनुभाग-8 (लेखा)

संख्या: ए-107 /सात-न्याय-8 (लेखा)-25-24(28)/91 टी0सी0

लखनऊ: दिनांक: 21 अप्रैल, 2025

<u>विज्ञप्ति</u>

उत्तर प्रदेश राज्य लोक सेवा अधिकरण, इन्दिरा भवन, लखनऊ में रिक्त उपाध्यक्ष (प्रशासकीय) के 01 पद, सदस्य (न्यायिक) के 04 पदों एवं सदस्य (प्रशासकीय) के 04 पदों अर्थात कुल 09 पदों पर उ0प्र0 लोक सेवा (अधिकरण) अधिनियम,1976(यथासंशोधित) में निर्धारित अवधि 05 वर्ष अथवा 62 वर्ष की आयु तक, जो भी पहले हो, नियुक्ति हेतु आवेदन-पत्र विज्ञप्ति संख्या: ए- 49/सात-न्याय-8 (लेखा)-25-24(28)/91 टी0सी0, दिनांक: 27 फरवरी, 2025 द्वारा निर्गत किया गया था ,जिसमें आवेदन-पत्र प्रमुख सचिव, न्याय के कार्यालय कक्ष में दिनांक 20 मार्च, 2025 सायं 5.00 बजे तक स्वीकार किया जाना नियत किया गया था |तदोपरांत विज्ञप्ति संख्या: ए- 82/सात-न्याय-8 (लेखा)-25-24(28)/91 टी0सी0, दिनांक: 25 मार्च, 2025 द्वारा आवेदन-पत्र प्रमुख सचिव, न्याय के कार्यालय कक्ष में स्वीकार किये जाने की समय-सीमा दिनांक 11 अप्रैल, 2025 सायं 5.00 बजे तक बढ़ा दी गयी थी|

2- इस सम्बन्ध में समयक् विचारोपरान्त उत्तर प्रदेश राज्य लोक सेवा अधिकरण, इन्दिरा भवन, लखनऊ में रिक्त उपाध्यक्ष (प्रशासकीय) के 01 पद, सदस्य (न्यायिक) के 04 पदों एवं सदस्य (प्रशासकीय) के 04 पदों अर्थात कुल 09 पदों पर नियुक्ति हेतु आवेदन-पत्र स्वीकार किये जाने की अन्तिम तिथि दिनांक 11 अप्रैल, 2025 को सायं 5.00 से बढ़ाकर दिनांक 05 मई , 2025 को सायं 5.00 बजे तक किये जाने का निर्णय लिया गया है।

3- उक्त के क्रम में उपाध्यक्ष (प्रशासकीय) के पद पर उत्तर प्रदेश राज्य लोक सेवा (अधिकरण) अधिनियम,1976 (यथा-संशोधित) की धारा-3 (4 क) , सदस्य (न्यायिक) पद पर उत्तर प्रदेश राज्य लोक सेवा (अधिकरण) अधिनियम, 1976 (यथा-संशोधित) की धारा-3 (5) एवं सदस्य (प्रशासकीय) पद पर उत्तर प्रदेश राज्य लोक सेवा (अधिकरण) अधिनियम,1976 (यथा-संशोधित) की धारा-3 (6) के अन्तर्गत अर्हता रखने वाले इच्छुक अभ्यर्थी रिक्त पदों हेतु दिनांक 05 मई, 2025 तक नियत प्रारूप पर आवेदन कर सकते है।

4- ''कोई भी व्यक्ति उपाध्यक्ष (प्रशासकीय) के रूप में नियुक्त के लिए अर्ह नहीं होगा जब तक कि-

(क) उसने कम से कम दो वर्ष तक (प्रशासकीय) सदस्य का पद धारण न किया हो, या

(ख) उसने कम से कम दो वर्ष तक भारत सरकार के अपर सचिव का पद या केन्द्रीय या किसी राज्य सरकार के अधीन ऐसा कोई पद धारण न किया हो जिसका वेतनमान भारत सरकार के अपर सचिव के वेतनमान से कम न हो और उसे राज्य सरकार की राय में न्याय व्यवस्था का पर्याप्त अनुभव न हो|''

5- ''कोई व्यक्ति सदस्य (न्यायिक) के रूप में नियुक्त के लिए अर्ह नहीं होगा जब तक कि उसने जिला न्यायाधीश या उसके समकक्ष कोई अन्य पद धारण न किया हो|''

